www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतरर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

18 अप्रैल 2024

# विश्व का 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डा :

- एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड ने हाल ही में दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की लिस्ट जारी की है।




- इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (IGI Airport Delhi) भी दुनिया के 10 सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल है।
- एसीआई के अनुसार, दिल्ली हवाई अड्डे की रैंकिंग में थोड़ी गिरावट आई है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए वैश्विक कुल यात्री पूर्वानुमान 8.5 बिलियन के करीब है।
- इस सूची में अमेरिका का हट्र्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शीर्ष पर है, जबकि दुबई और डलास हवाई अड्डे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।



- एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल के मुताबिक विश्व में शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से पांच अमेरिका में हैं।
- एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल, एयरपोर्ट प्राधिकरणों का संगठन है, जिसका उद्देश्य हवाईअड्डा मानकों के लिए उद्योग प्रथाओं को एकजुट करना है।

## दुनिया के 10 सबसे व्यस्त एयरपोर्ट;-

| रैंक 2023 | एयरपोर्ट | रैंक 2022 |
|---|---|---|
| 1 | अटलांटा, यूएसए | 1 |
| 2 | दुबई, संयुक्त अरब अमीरात | 5 |
| 3 | डलास / फोर्ट वर्थ, यूएसए | 2 |
| 4 | लंदन, यूके | 8 |
| 5 | टोक्यो, जापान | 16 |
| 6 | डेनवर, यूएसए | 3 |
| 7 | इस्तांबुल, तुर्की | 7 |
| 8 | लॉस एंजिल्स, यूएसए | 6 |
| 9 | शिकागो, यूएसए | 4 |
| 10 | नई दिल्ली, भारत | 9 |

# 'एक्सोस्केलेटन पहली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला :

- 'एक्सोस्केलेटन के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों और चुनौतियों' पर पहली अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला 16 से 17 अप्रैल, 2024 तक बेंगलुरु में आयोजित की गई है|
- कार्यशाला का आयोजन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रक्षा जैव-इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रोमेडिकल प्रयोगशाला द्वारा किया गया है|
- इसका उद्घाटन रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) के इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू की उपस्थिति में किया|
- शोधकर्ताओं के समुदाय से सभी हितधारकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भविष्य की एक्सोस्केलेटन प्रौद्योगिकियों के लिए अपने प्रयास में चुनौतियों का सामूहिक रूप से समाधान करने का आग्रह किया|
- दो दिवसीय कार्यशाला में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) , सेवा, उद्योग, शिक्षा और शोधकर्ताओं के 300 से अधिक प्रतिभागी भाग लिया हैं|
- एक्सोस्केलेटन प्रौद्योगिकी में सहन करने योग्य संरचनाएं शामिल होती हैं जो मानव शरीर की क्षमताओं को बढ़ाती हैं|



# ग्लोबल फ़ॉरेस्ट वॉच रिपोर्ट :

- हाल ही जारी किए गए **ग्लोबल फ़ॉरेस्ट वॉच रिपोर्ट** के अनुसार, **वर्ष 2000 के बाद से भारत में 2.33 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र कम** हो गया है|
- यह इस अवधि के दौरान **वृक्ष आवरण में छह प्रतिशत की कमी के बराबर** है|




## रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु: -

- **वर्ष 2002 से 2023 तक भारत में 4,14,000 हेक्टेयर आर्द्र प्राथमिक वन** (4.1 प्रतिशत) नष्ट हो गया, जो इसी अवधि में कुल **वृक्ष आवरण हानि का 18 प्रतिशत** है|
- वर्ष 2001 और 2022 के बीच भारत में जंगलों से एक वर्ष में **51 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर** उत्सर्जन हुआ और **141 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड को सिंक** किया|
- यह **प्रति वर्ष 89.9 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर** शुद्ध कार्बन सिंक का प्रतिनिधित्व करता है|
- भारत में वृक्षों के नुकसान के परिणामस्वरुप **प्रति वर्ष औसतन 51.0 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड** वायुमंडल में छोड़ा गया|
- इस अवधि के दौरान **कुल मिलाकर 1.12 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड** समकक्ष उत्सर्जित हुआ|
- आंकड़ों से यह पता चलाता है कि **वर्ष 2013 से 2023 तक भारत में वृक्ष आवरण की हानि का 95 प्रतिशत** प्राकृतिक वनों के भीतर हुआ है|
- वर्ष 2001 और 2023 के बीच कुल वृक्ष आवरण हानि का 60 प्रतिशत नुकसान पांच राज्यों **(असम > मिजोरम > अरुणाचल प्रदेश > नागालैंड > मणिपुर)** में हुआ है|
- **औसतन 66,600 हेक्टेयर** की तुलना में में **सबसे अधिक 324,000 हेक्टेयर** वृक्षों का नुकसान असम में हुआ|
- **वर्ष 2002 से 2022 तक** भारत में **आग के कारण 35,900 हेक्टेयर वृक्षों का नुकसान** हुआ|
- वर्ष 2008 में आग के कारण सबसे अधिक वृक्षों का नुकसान (3,000 हेक्टेयर) दर्ज किया गया |
- **वर्ष 2001 से 2022 तक, ओडिशा में आग** के कारण पेड़ों के नुकसान की दर सबसे अधिक थी|
- उसके बाद **अरुणाचल प्रदेश > नागालैंड > असम > मेघालय** का स्थान है|
- खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, **वर्ष 2015 और 2020 के बीच भारत में वनों की कटाई की दर 668,000 हेक्टेयर प्रति वर्ष** थी, जो दुनिया भर में दूसरी सबसे अधिक है|

## ग्लोबल फ़ॉरेस्ट वॉच (GFW) :-

- **स्थापना :** वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (WRI) द्वारा वर्ष 1997 में ।
- उपग्रह डेटा और अन्य स्रोतों का उपयोग करके वास्तविक समय में वन परिवर्तनों पर नज़र रखता है|
- इसकी शुरुआत गैर सरकारी संगठनों के एक नेटवर्क के रूप में हुई थी , जो चार पायलट देशों: कैमरून, कनाडा, गैबॉन और इंडोनेशिया में वनों की स्थिति के बारे में नवीनतम रिपोर्ट तैयार करता था|

## वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (WRI);-

- **स्थापना:** वर्ष 1982 में जॉन डी. और कैथरीन टी. मैकआर्थर फाउंडेशन के वित्त पोषण द्वारा|
- **मुख्यालय:** वाशिंगटन डी.सी. ।
- यह एक वैश्विक अनुसंधान गैर-लाभकारी संगठन है|
- WRI छह क्षेत्रों- **भोजन, वन, जल, ऊर्जा, शहर** एवं **जलवायु,** में मानव समाज को बेहतर समर्थन देने के उद्देश्य से व्यापार, अर्थशास्त्र, वित्त और शासन के लिए टिकाऊ प्रथाओं का अध्ययन करता है|

WORLD RESOURCES INSTITUTE

INDORE

## केंद्र के हरित ऋण कार्यक्रम के कार्यान्वियन में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य :

- पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा शुरु किये गये ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के प्रभावी क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश अग्रणी बनकर उभरा है|
- पिछले दो महीनों में, जीसीपी ने 10 राज्यों में फैले 4,980 हेक्टेयर क्षेत्र में 500 भूमि पार्सल में हरियाली वाले वृक्षारोपण की पहल की है|
- खराब वन भूमि के पुनर्वास के लिए मंजूरी हासिल करने में मध्य प्रदेश सबसे आगे है, इसके बाद तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात और असम हैं|
- इस पहल में भाग लेने वाले अतिरिक्त राज्यों में बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और ओडिशा शामिल हैं, जिन्होंने सामूहिक रुप से जीसीपी हस्तक्षेप के लिए 10,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि निर्धारित की है|
- जीसीपी के तहत, भागीदारी सरकारी निकायों तक ही सीमित नहीं है; बल्कि, यह व्यक्तियों, उद्योगों, परोपकारी संगठनों और स्थानीय शासी निकायों की भागीदारी का स्वागत करता है|
- कार्यक्रम गैर-कार्बन पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करता है जो स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, प्राकृतिक पुनर्जनन में सहायता के लिए अनुकूल स्वदेशी वृक्ष प्रजातियों के चयन पर जोर देते हैं|



# डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. हाल ही में शेख अहमद अब्दुल्ला अल अहमद अल सबा कहाँ के प्रधानमंत्री बने हैं ?

   (A) ईरान (B) ईराक

   (C) कुवैत (D) सऊदी अरब

Ans;-कुवैत

2. यूरोपीय गर्ल्स गणितीय ओलंपियाड (EGMO) 2024 में भारत ने कितने सिल्वर मेडल जीते हैं?

   (A) 2 (B) 4

   (C) 6 (D) 8

Ans;-2

3. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) का प्रोबा-3 मिशन कौन लॉन्च करेगा?

   (A) JAXA (B) ISRO

   (C) NASA (D) CNSA

Ans;-ISRO

4. ग्लोबल फ़ॉरेस्ट वॉच के अनुसार भारत में कितना वृक्ष क्षेत्र नष्ट हो गया है ?

   (A) 2.33 मिलियन हेक्टेयर (B) 3.33 मिलियन हेक्टेयर

   (C) 4.33 मिलियन हेक्टेयर (D) 5.33 मिलियन हेक्टेयर

Ans;-2.33 मिलियन हेक्टेयर

5. लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड 2024 से किसे सम्मानित किया जाएगा?

   (A) अनिल कपूर (B) अक्षय कुमार

   (C) अमिताभ बच्चन (D) धर्मेंद्र देओल

Ans;-अमिताभ बच्चन

6. तिरंगा बर्फी और ढलुआ धातुशिल्प को GI टैग प्रदान किया गया है यह किस राज्य से संबंधित है ?

   (A) मध्य प्रदेश (B) छत्तीसगढ़

   (C) उत्तर प्रदेश (D) महाराष्ट्र

Ans;-उत्तर प्रदेश